# आई.जी. विकास कुमार ने जवानों को सम्मानित किया



पाली में 139 पुलिस जवानों को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए। फोटो-राष्ट्रदूत



**राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर दो सगे भाई हैड कांस्टेबल बरकत खां मेहर व शहजाद खान मेहर को सर्वोत्तम सेवा पदक से सम्मानित किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के पुलिस लाईन में बुधवार को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर आईजी रेंज जोधपुर विकास कुमार ने पुलिस कर्मियों का सम्मान किया।

जालोर में पुलिस स्थापना दिवस पर करीब 180 पुलिस कर्मियों का पदक व प्रशस्ति पत्र देकर आईजी विकास कुमार ने सम्मानित किया। पुलिस स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह में दो सगे भाईयों को सर्वोतम सेवा पदक से सम्मानित किया गया। जिसमें जालोर एसपी कार्यालय कार्यालय में कार्यरत हैड कॉनिस्टेबल बरकत खान मेहर व एएसपी कार्यालय में कार्यरत हैड कांस्टेबल शहजाद खान मेहर दोनों भाईयों को आईजी रेंज जोधपुर विकास कुमार ने अपनी डयूटी पूर्ण निष्ठा से करने पर सर्वोत्तम सेवा पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। सब इंस्पेक्टर शेरु खान को भी डयूटी के प्रति सजग रहने पर स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

पाली संवाददाता के अनुसार : राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह के तहत आज पुलिस लाइन मैदान में परेड हुई।

पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने मार्च पास्ट की सलामी ली। बाद में 139 पुलिस जवानों का उत्तम सेवा चिन्ह से सम्मान किया गया। पौधरोपण के तहत 51 पौधे लगाए गए। रक्तदान शिविर में 70 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवान रक्तदान किया। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से संवाद कार्यक्रम किया गया।

## रास्ता खुलवाया

**गुडामालानी**, (कासं)। राज्य सरकार के रास्ता खोलो अभियान के तहत गुडामलानी के धांधलवास गांव में रास्ते के लिए ग्रामीणों ने भूमि समर्पित की। इस रास्ते पर पीडब्ल्यूडी ने सडक बनाना आरम्भ किया गया।

इस सडक निर्माण पर कई लोगों ने विरोध किया और निर्माण बंद करवा दिया। इसको देखते हुए एसडीएम गुडामलानी ने इस 3 किमी लंबे रास्ते पर आज पैमाईश करवाई और जेसीबी आदि से अतिक्रमण हटवाया। इससे गांव के सैकडों किसानों को लाभ होगा। इससे गांव वालों ने प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

इस मौके एसडीएम केशव कुमार मीणा, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता मसराराम,कानूनगो नारायणलाल सैनी,पटवारी मनोज विश्नोई सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## फरार गिरफ्तार

**सायला**, (निसं)। जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस द्वारा पिछले दस साल से फरार स्थायी वारण्टी को गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा स्थायी वारंटी कालु खां पुत्र अली खां जाति मुसलमान उम्र 33 साल निवासी मेंगलवा को गिरफ्तार किया गया।

# मिट्टी के बर्तन बनाने की मशीन वितरित की




पाली में लघु उद्योग भारती का कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। स्वावलंबन भारत अभियान के तहत लघु उद्योग भारती पिछले 5 सालों से पाली शहर में लोगों में स्वरोजगार की प्रति जागृत करने में सहयोग कर रही है। जिसके तहत सिलाई मशीन में साड़ी फॉल मशीन, चूड़ी में नग लगाने की मशीने शहर की महिलाओं में किस्तों में दे चुकी है। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए कुम्हार समाज के लोगों को चाय की सिकोरे, परिंडे आदि बनाने की मशीन वितरण कार्यक्रम बुधवार को रोटरी क्लब में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती, प्रकाश गुप्ता, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, विनय बम, रोटरी क्लब के राजू भाई मेड़तिया, आदि थे, कार्यक्रम को संबंध करते हुए पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने कहा कि लघु उद्योग भारती का उद्देश्य शहर के मध्यम वर्ग के लोगों को स्वावलंबी बनाना है। उसके तहत शहर में अब तक 5000 से ज्यादा साड़ी फॉल, सिलाई मशीने के साथ चूड़ी मैं नाग लगाने की सैकड़ो मशीन महिलाओं को किस्तों में वितरित की है। जिससे अब उनका व्यापार चार गुना बढ़ गया है। इसी क्रम में आज कुम्हार को मिट्टी के सकोर बनाने की मशीन का वितरित किया, जिससे उनकी पहचान वापस जागृत होगी। इसी प्रकार प्रकाश गुप्ता ने भी लघु उद्योग भारती के द्वारा किए गए प्रकल्पों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में महेंद्र बोहरा, नूतन बाला कपिला, मूलचंद सकलेचा, कुसुम सोनी उर्मिला तापड़िया, शिव प्रकाश प्रजापत, मुकेश नाहर, रमेश परिहार, भंवरे प्रजापत, चंपालाल मुकेश सहित कई जने मौजूद थे।

# विद्यालयों-समन्वित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं) I जालौर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एसीबीईओ रमेश खोरवाल बुधवार को राउप्रावि पांणवा, राप्रावि इंद्रानगर पांणवा , राउमावि बोकडा एवं समन्वित आंगनवाडी केंद्र बोकडा और राउप्रावि सरूपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

क्षेत्र के चार विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्यालय स्टाफ की समय पर उपस्थिति, विद्यार्थीयों की उपस्थित, स्टॉफ दैनिक डायरी संधारण और वर्क बुक एवं बालकों के कक्षा स्तर के लिए हिन्दी अंग्रेजी और गणित विषयो की जाँच की गई। विद्यालय में समान परीक्षा योजना अंतर्गत शालादर्पण पर परिणाम की प्रविष्ट एवं मसरा और वार्षिक परीक्षा की पूर्व तैयारी के साथ सत्र 2025-26 प्रवेशोत्सव कार्यक्रम पर योजना अनुरूप सर्वेकर सरकारी विद्यालयों में नामांकन वृद्धि के बिंदु पर संस्था प्रधानो से विस्तृत चर्चा की। समन्वित आंगनवाडी केंद्र बोकडा का निरीक्षण करने पर कुल 48 में से 8 बालक ही उपस्थित मिले शेष 40 बालक अनुपस्थित पाए गए।

रिकॉर्ड का पूछने पर सहायिका धापुदेवी द्वारा बताया गया कि स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर और छात्र उपस्थिति रजिस्टर कार्यकर्ता संतोष के घर पर पडा है, जो आज अवकाश पर हैं तथा स्वयं के भी आज के भी प्रात 10 बजे तक हस्ताक्षर करने बाकी मिले। जिस पर प्रधानाचार्य अरविन्दकुमार सुन्देशा को पूछने पर बताया कि हमेशा रजिस्टर अपने पास ही रखती हैं तथा इनकी मासिक उपस्थिति भी प्रमाणित नहीं करवाती हैं। जबकि नियमानुसार आंगनवाडी केंद्र का उपस्थिति रजिस्टर संबधित प्रधानाचार्य के पास रहता हैं तथा मासिक उपस्थिति प्रमाणित होने पर ही कार्मिकों का मानदेय का भुगतान किया जाता है। अनियमितता पर एसीबीईओ रमेश खोरवाल ने निरीक्षण का प्रकरण बनाकर बाल विकास परियोजना( आईसीडीएस ) विभाग को भिजवाया है I ताकि सरकारी योजनाओं की जनमानस तक योजना अनुरूप क्रियान्वयन हो सके और लापरवाह कार्मिक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावे।

**बालोतरा संवाददाता के अनुसार :** बालोतरा कलैक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाकाराम चौधरी एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप देवात ने रिफाइनरी में कार्यरत श्रमिकों को हीटवेव से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाकाराम चौधरी ने बताया कि रिफाइनरी में कार्यरत श्रमिकों के लिए हीटवेव के बचाव को किए गए प्रयास पर्याप्त नहीं है।

# मादलपुरा को भागली सिंधलान में यथावत रखने की मांग बताई



**मादलपुरा ग्राम के ग्रामीण भागली सिन्धलान में ग्राम को यथावत रखने की मांग को लेकर जालोर जिला कलैक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर के निकट मादलपुरा ग्राम के ग्रामीणों बुधवार को मादलपुरा को ग्राम पंचायत भागली सिंघलान में यथावत् रखने की मांग को लेकर जिला कलैक्टर प्रदीप के गावंडे को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि मादलपुरा ग्राम की आबादी 2011 की जनगणना के आधार पर 1423 की आबादी है. तथा मादलपुरा को भागली सिंघलान में यथावत् रखा जायें क्योकि मादलपुरा से धानपुर आठ किलोमीटर की दुरी पर है, तथा मादलपुरा को धानपुर में लिया जा रहा हैं। जो गांव से धानपुर की दुरी 8 किलोमीटर है और भागली सिंधलान की दुरी मात्र 2 किलोमीटर ही है। मादलपुरा से धानपुर की दुरी ज्यादा होने से ग्रामवासीगणो को आने-जाने में काफी दिक्कत होगी तथा आने जाने के पर्याप्त साधन नहीं होने से बुजुर्ग छोटे-बडे काम के लिए धानपुर नहीं जा सकेंगे व उनका पुरा दिन खराब होगा। इसलिए मादलपुरा को भागली सिंधलान में यथावत् रखा जावें जिससे गांव के लोगो के सरकारी कार्य आसानी से हो सके व उनको सुविधा मिल सकें।

ज्ञापन में बताया कि वर्तमान मादलपुरा गावं में 2 वार्ड है व वोटर 1103 है इसलिए मादलपुरा गांव के वार्ड संख्या का विस्तार किया जावें। जिससे आम लोगो व ग्रामवासीगणो को सुविधा मिल सकें।

ज्ञापन देते समय इलियास शाह जुनेजा, शंकर राम देवासी ,हाजी सायर खां , आलम खां ,हाजी वली शाह, रहमान खा, कालू खा , गफूर खां, सामिया राम,कुयाराम राणा,जानू खां, हाजी गनी खां ,शहजाद खान,फरान खां, थाना राम देवासी आदि उपस्थित थे।

## एनिमीया मुक्त राजस्थान के बारे में जानकारी दी

**सायला**, (निसं)। पंचायत समिति सभागार में बुधवार को ब्लॉक सायला मे संचालित राजकीय विद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों की कार्यशाला मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल परमार की अध्यक्षता में हुई।

परमार द्वारा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अनिमिया मुक्त राजस्थान के लिए प्रत्येक विद्यालय मे पिंक तथा ब्लू गोली प्रत्येक मंगलवार को देने के लिए सभी शारीरिक शिक्षकों को पाबन्द किया गया। साथ ही पहले से किसी बीमारी या भुखे पेट आने वाले विद्यार्थियों को गोली नही देने के लिए सलाह दी। दक्ष प्रशिक्षक डूंगरसिंह रिजनल कॉर्डिनेटर द्वारा आयरन की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे मे विस्तार से अवगत कराया। साथ ही आईएफए से हिमोग्लोबिन लेवल तथा भारत सरकार और राज्य सरकार के आंकडों के बारे मे विस्तृत डाटा विश्लेषण किया गया। प्रत्येक पीईईओं को मांगपत्र ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा वितरण के लिए चर्चा की गई। दक्ष प्रशिक्षक कमलकांत दूपट प्रधानाचार्य नरसाणा तथा प्रधानाध्यापक खानपुर मोहनलाल द्वारा अनिमिया से मुक्त लक्षण, उपचार तथा बचाव के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बालक-बालिकाओं के लिए अधिक से अधिक आयरन युक्त भोजन के प्रयोग हेतु प्रेरित किया गया।

# 'शॉर्ट सर्किट से आगजनी रोकने के लिए मानक उपकरणों का उपयोग करें'

बालोतरा, (निसं)। जिले में शॉर्ट सर्किट के कारण होने वाली आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए विद्युत विभाग ने एडवाइजरी जारी की है।

जोधपुर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता सोनाराम पटेल ने बताया कि जिले में तेज गर्मी एवं शॉर्ट सर्किट के कारण आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए उपभोक्ता मानक उपकरणों जैसे फ्यूज, सर्किट ब्रेकर और ग्राउंड फॉल्ट सर्किट इंटरप्टर का ही उपयोग करें। इन उपकरणों का उपयोग करके, विद्युत सर्किट को ओवरलोड या शॉर्ट सर्किट से होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि फ्यूज एक सरल सुरक्षा उपकरण है, जो अत्यधिक करंट के प्रवाह को रोकने के लिए डि?इन किया गया है। जब करंट बहुत अधिक हो जाता है, तो फ्यूज पिघल जाता है और सर्किट टूट जाता है, जिससे आग लगने का खतरा कम हो जाता है। इसी तरह सर्किट ब्रेकर भी एक सुरक्षा उपकरण है, जो ओवरलोड या शॉर्ट सर्किट की स्थिति में करंट के प्रवाह को बाधित करता है। यह एक स्वचालित स्विच है जो खराब होने पर स्वचालित रूप से बंद हो जाता है, जिससे आग लगने का खतरा कम हो जाता है। इसी के साथ ग्राउंड फॉल्ट सर्किट इंटरप्टर एक सुरक्षा उपकरण है जो ग्राउंड फॉल्ट (अर्थ फॉल्ट) का पता लगाता है और करंट के प्रवाह को बाधित करता है। यह बिजली के झटके और आग के जोखिम को कम करने में मदद करता है। यदि कोई ढीला तार कनेक्शन या अटैचमेंट है तो उन्हें तुरंत किसी पेशेवर व्यक्ति से ठीक करायें। यदि भवन एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान में आग लग जाती है, तो अग्निशमन यंत्र का उपयोग आग बुझाने के लिए किया जा सकता है। अग्निशमन यंत्र का उपयोग करने से पहले, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि आग बुझाने के लिए सही प्रकार के अग्निशमन यंत्र का उपयोग कर रहे हैं। उन्होने बताया कि यदि शॉर्ट सर्किट से आग लगती है, तो पानी का उपयोग न करें, क्योंकि इससे आग और फैल सकती है। इसके बजाय, आग बुझाने के लिए रेत का उपयोग करें। शॉर्ट सर्किट से आगजनी से बचने के लिए आपके घर में विद्युत तारों को सुरक्षित और सही तरीके से स्थापित करें। विद्युत उपकरणों का उचित उपयोग कर रहे हैं और उन्हें ओवरलोड नहीं करें। नियमित रूप से विद्युत प्रणालियों की जांच करें और सुनिश्चित करें कि वे सही ढंग से काम कर रही हैं। ज्वलनशील पदार्थों को विद्युत उपकरणों से दूर रखें और उन्हें आग लगने के खतरे से बचाएं। घर में धूम्रपान न करें, क्योंकि यह आग लगने का एक प्रमुख कारण हो सकता है।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में उत्कृष्ठ कार्य करने 99 कार्मिकों को सम्मानित किया



**पाली जिले के सभी ब्लॉक के 99 अधिकारियों व कार्मिकों को कलैक्टर एल.एन. मंत्री ने जिला परिषद् सभागार में सम्मानित किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। किसान रजिस्ट्री, एसीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर अभियान चालू किया गया। इसके तहत आज पाली जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के सभी ब्लॉक के 99 अधिकारियों कार्मिकों को आज जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने जिला परिषद सभागार में सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को अच्छा कार्य करने पर प्रशंसा की और कहा कि हौसला अफजाई की साथ ही उन्होंने इसी प्रकार जनहित के लिये अच्छा कार्य करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम में बताया गया कि योजना भारत के कई राज्यों में संचालित की जा रही है. राजस्थान में इस योजना का शुभारम्भ 5 फरवरी 2025 से हुआ, जिसमें प्रत्येक पंचायत स्तर पर 3 दिवसीय कैम्प आयोजित किये जाकर उसमें आने वाले राजस्व ग्रामों के किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें पुरे देश में किसानों के रजिस्ट्रेशन में राजस्थान पहले नंबर पर रहा है। परियोजना में जिले के कुल 255220 पीएम किसान सम्मान निधि में आने वाले किसानों में से 205378 का रजिस्ट्रेशन किया गया है, जिसका प्रतिशत 80.47 है।

इस अवसर पर कुल 99 अधिकारियों कार्मिको का सम्मान किया गया। जिसमे पाली ब्लॉक से उपखण्ड अधिकारी पाली विमलेन्द्र राणावत, तहसीलवार पाली जितेन्द्र बबेरवाल , . सहायक सदर कानूनगो मदन सिंह राठौड, वरिष्ठ पटवारी महेन्द्र कुमार, वरिष्ठ पटवारी मदन लाल आदिवाल, पटवारी शशिकान्त शर्मा, पटवारी भूपेन्द्र सिंह, विकास अधिकारी भगवान सिंह, नायब तहसीलदार बाबूलाल चौहान, भू-अभिलेख निरीक्षक गुडा एंदला बाबुलाल देवपाल, भू-अभिलेख निरीक्षक भांवरी अजीत सिंह, पटवारी साबूराम चौधरी मोतीलाल ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत डिंगाई पाली, कनिष्ठ सहायक विक्रमजीत सिंह, सहायक कृषि अधिकारी गुंदोज करण सिंह, पटवारी रविन्द्र विश्नोई, आरआई खैरवा भरत सिंह, पटवारी अमराराम पटेल। मारवाड़ जंक्शन ब्लॉक से उपखण्ड अधिकारी महावीर सिंह जोधा, तहसीलदार मारवाड़ जंक्शन दीपक साखला, विकास अधिकारी भागीरथ सिंह, नायब तहसीलदार फूलाराम मीणा, भू अभिलेख निरीक्षक सोहनलाल सैन, पटवारी अशोक, पटवारी हमेंत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अनुराग मारवाल, ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश मेघवाल, कनिष्ठ सहायक चेनाराम, पटवारी कैलाश। सुमेरपुर ब्लॉक से उपखण्ड अधिकारी कालुराम कुम्हार, तहसीलदार दिनेश आचार्य, नायब तहसीलदार प्रतीक शर्मा, नायब तहसीलदार दशरथ सिंह, विकास अधिकारी प्रमोद दवे, सहायक प्रोग्रामर दिनेश कुमार, भू अभिलेख निरीक्षक कन्हैयालाल, पटवारी सुरेश ओझा, पटवारी करणसिंह, ग्राम विकास अधिकारी विक्रमसिंह, पटवारी कैलाश पुनिया, आरपीजी रिडमल सिंह।

रोहट ब्लॉक से उपखण्ड अधिकारी पूरण कुमार, तहसीलदार प्रकाश कुमार पटेल, विकास अधिकारी मनमोहन मीणा, नायब तहसीलदार मांगीलाल मीणा, सहायक कृषि अधिकारी विक्रमसिंह, भू अभिलेख निरीक्षक रामरूप मीणा, ग्राम विकास अधिकारी मंगल सिंह, ग्राम विकास अधिकारी नेमाराम, पटवारी गीता चौधरी, पटवारी नितेश कंसारा, आंगनवाडी कार्यकर्ता शांति देवी।

बाली ब्लॉक से उपखण्ड अधिकारी दिनेश बिश्नोई, तहसीलदार जितेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार रतनसिंह, नायब तहसीलदार फतेह सिंह, नायब तहसीलदार मनमोहनसिंह राठौड़, विकास अधिकारी भोपाल सिंह जोधा, भू अभिलेख निरीक्षक नेमपुरी, कृषि पर्यवेक्षक बाबूलाल मीणा, पटवारी हरचंद राम, पटवारी दौलत सिंह, पटवारी दिनेश मेघवाल, पटवारी हीरालाल, तहसीलदार देसूरी हरेन्द्रसिंह चौहान, नायब तहसीलदार देसूरी गिरिराज सिंह राणावत, सहायक कृषि अधिकारी देसूरी सुखाराम शर्मा, पटवारी सांवलाराम, पटवारी हजारी राम विश्नोई, पटवारी सालूराम, पटवारी राजेश कुमार मीणा, पटवारी मालीराम बुनकर, वरिष्ठ सहायक कालूराम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी रूपसिंह चारण, पटवारी आशीष मीना।

सोजत ब्लॉक से उपखण्ड अधिकारी मासिंगा राम, तहसीलदार दिलीपसिंह, विकास अधिकारी सुरेश कविया, सहायक विकास अधिकारी रमेश कुमार, पटवारी हुकमसिंह, पटवारी मेजर सिंह, पटवारी पूजा बाणिया, पटवारी भीराम, पटवारी प्रेमसुख, ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार, आरआई नरेन्द्र कंवर, पटवारी चौराराम।

रानी ब्लॉक से उपखण्ड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू, तहसीलदार मनोहर सिंह, विकास अधिकारी नारायणसिंह राजपुरोहित, नायब तहसीलदार मदन सिंह, नायब तहसीलदार मोहनलाल मेघवाल, पटवारी जसवंतसिंह, पटवारी भरत बोस, पटवारी शंकर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी महावीरसिंह, ग्राम विकास अधिकारी राकेश बिश्नोई, सहायक कृषि अधिकारी महेन्द्र चौधरी, आरआई पोमाराम चौधरी को सम्मानित किया गया।

पाली जिले में इस योजना के क्रियान्वयन में लगे समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा माह फरवरी एवं माह मार्च के समस्त दिवसो राजकीय अवकाश के दिवसों में भी कार्य के कर्तव्य के प्रति उनकी लगन एवं परिश्रम को दर्शाता है। इस परियोजना के लिये राजस्थान सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार 31 मई 2025 तक शेष रहे किसानो का रजिस्ट्रेशन शल प्रतिशत रुप से किया जाना है, जिसमें कार्मिक डोर टू डोर से माध्यम से किसानों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य जारी रखेंगे।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, एडीएम अश्विनी सिंह , मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मुकेश चौधरी सहित उपखंड अधिकारी , तहसीलदार व विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## मिताली सिंह राठौड़ का सम्मान

पाली जिला रोलर स्केटिंग संघ अध्यक्ष आनंद कवाड एवं मुख्य सचिव अजय शर्मा ने बताया कि राजस्थान पुलिस दिवस के उपलक्ष पर पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के द्वारा अंडर 17 वर्षिय मिताली सिंह राठौड़ सुपुत्री अमृत कंवर को पिछले चार वर्षों में जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में छ स्वर्ण पदक दो काश्य पदक जीत कर राज्य स्तरीय पर पाली जिले का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने पाली की बेटियों को शारीरिक को मानसिक रूप से सिर उठाकर स्वतंत्र होकर खेलों में भाग लेना चाहिए।

## सामूहिक विवाह पर चर्चा

**जालोर**, (कासं)। श्रीयादे सेवा संस्थान की बैठक का आयोजन संस्थान अध्यक्ष नरपतलाल आर्य की अध्यक्षता में मंगलवार रात्रि को प्रजापत छात्रावास में किया गया।

संस्थान सचिव किशोर देवडा ने बताया कि बैठक में आगामी अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह संबंधी आवश्यक तैयारियो पर चर्चा की गई। सामूहिक विवाह में पंजीकृत सात कन्याओं को आमंत्रण पत्रिकाओं का वितरण भी किया गया। सामूहिक विवाह के भामाशाहों, सहयोगियों तथा आजीवन सदस्यों को आमंत्रण पत्रिकाएं लिखने का कार्य प्रारंभ किया। भोजन व्यवस्था, साउंड व्यवस्था, जल व चाय व्यवस्था पर चर्चा की गई।

## मजिस्ट्रेट नियुक्त

**जालोर**, (कासं)। सांचौर के माखुपुरा में बाबा रघुनाथपुरी विराट पशु मेले का 16 से 22 अप्रेल तक आयोजन किया जा रहा है। इस वार्षिक मेले में कानून एवं लोक-शांति बनाये रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने उपखण्ड मजिस्ट्रेट सांचौर को मेला मजिस्ट्रेट एवं इनके सहयोग के लिए तहसीलदार सांचौर को सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज ) 345001
क्रमांक/भूमि/2024-25/1630 दिनांक: 14/11/2024

प्रसारित नोटिस उजरदारी

01श्री चन्द्रप्रकाश पुत्र स्व श्री लाधुराम 02 श्री अरुण कुमार पुत्र स्व. श्री लाधुराम निवासी चैनपुरा जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र मय शपथ -पत्र /वारिसनामा कॉपी , मृत्यु प्रमाण पत्र कॉपी पेश कर निवेदन किया है कि मकान संख्या 4674 वाके चैनपुरा मोहल्ला जैसलमेर श्री लाधुराम स्व.श्री सांगीदास पुरोहित की मृत्यु दिनांक 27.05.24 व श्रीमती तारा देवी पत्नी लाधूराम की मृत्यु दिनांक 17.10.24 होने के कारण वारिसयान 01 श्री चन्द्रप्रकाश पुत्र स्व श्री लाधुराम 02 श्री अरुण कुमार पुत्र स्व. श्री लाधुराम निवासी चैनपुरा जैसलमेर द्वारा अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है अतःइस सम्बन्ध किसी व्यक्ति /पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहै

आयुक्त,
नगर परिषद, जैसलमेर

**Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd.**
Head Office : Near Haridav Joshi Circle , Jalore (Rajasthan)
Email: headoffice@jalorebank.com / Bank Website :- www.jalorebank .com Phone No. 9413854111

क्रमांक/जानासबैंकलि/736 दिनांक:16.04.2025

संशोधित निविदा सूचना

बैंक के जालोर क्लब के पास नवीन भवन में प्रधान कार्यालय एव शाखा हेतु निश्चित डिजाइन अनुसार Reputed Branded Standard make लिफ्ट (ELEVATOR OF Latest Technology) क्रय किया जाना प्रस्तावित हैं । इस हेतु पंजीकृत एव प्रतिष्ठित फर्मो / कम्पनियों (GST Firm) से निविदा प्रस्ताव आंमत्रित किये जाते है । अतः इच्छुक पंजीकृत एवं अनुभवी, प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) अपनी निविदा सील बन्द लिफाफे में दिनांक 28.04.2025 सांय 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय में रखे गये टेण्डर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें । बैंक की अधिकृत कमेटी आवश्यकताओं के दृष्टिगत विभिन्न पहलुओं के आंकलन के आधार पर निविदा को अस्वीकृत / अंतिम रुप से स्वीकृत करने हेतु अधिकृत होगी, जो सभी पक्षो के लिए अंतिम रुप से बाध्यकारी होगा । विस्तृत विवरण, शर्ते, मात्रा इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी बैंक की वेब साईट www.jalorebank .com पर उपलब्ध है ।

(परमानन्द भट्ट)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक निदेशक कृषि ( विस्तार), जालोर

क्रमांक : एफ () / संनिकृ. / लेखा /2025-26/ 62-71 दिनांक: 04/04/2025

खुली निविदा बोली सूचना

इस कार्यालय के अनुपयोगी / नकारा घोषित सामान यथा लोहे के तिजारी, अलमारी, बक्शा बोर्ड प्लास्टिक के फॉटो कॉपी मशीन, सीपीयू , मॉनीटर एवं अन्य विविध सामग्री, जिसका कुल पुस्तक मूल्य 346395/- रुपये हैं कि नीलामी हेतु गठित समिति के समक्ष दिनांक 23.04.2025 को दोपहर पूर्व 11:00 बजे कार्यालय के परिसर में की जायेगी । इच्छुक बोलीदाता निर्धारित समय पर उपस्थित होकर एवं बोली अमानत राशि रुपयें 6928/- अक्षरे छह हजार नौ सौ अठाईस रोकड जमा करवा कर बोली में भाग ले सकेगें । अधिकतम बोलीदाता की बोली को समिति द्वारा संतोषप्रदा होने के आधार पर अनुमोदित किया जायेगा । बोली की सपूर्ण राशि को मया जीएसटी मौके पर ही जमा करवाने के बाद सामग्री को उठाने की अनुमति प्रदान की जायेगी । असफल बोलीदाता को समाप्ति पर अमानत राशि लौटायी जायेगी एवं सफल बोलीदाता की अमानत राशि बोली मूल्य के विरुद्ध समायोजित की जा सकेगी । सामग्री का अवलोकन एवं सामग्री के सम्बन्ध में कोई विवरण का अवलोकन किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में आकर किया जा सकता है । किसी भी विवाद की स्थिति में बोली को बीच में समाप्त करने / रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को रहेगा । समस्त कार्यवाही राजस्थान सरकार वित विभाग के सामान्य वित एवं लेखा नियमो के तहत सम्पन्न होगी ।

संलग्न : सामग्री की सूची

NIB Code - AGR2526A0001
UBN Number -AGR2526GSOE00001

( जगदीश प्रसाद)
सहायक निदेशंक कृषि ( विस्तार), जालोर
दिनांक:-04-04-2025